# ARD - 2019

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ..........................................

   (Name) ................................................

2. (Signature) ..........................................

   (Name) ................................................

**Serial No.**

OMR Sheet No. : ...........................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

**Test Booklet Code** **C**

Time : **2** hours]                                        [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**                    Number of Questions in this Booklet : **100**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न–पुस्तिका में एक सौ (100) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न एक (1) अंक का है।
3. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये गलत उत्तरों के लिए दण्ड (ऋणात्मक मूल्यांकन) दिया जायेगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किये गये अंकों का एक चौथाई अंक दण्ड स्वरूप काटा जायेगा।**
4. प्रत्येक प्रश्न का यदि अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है तो इसे गलत उत्तर माना जायेगा। यदि दिये गये उत्तरों में से एक उत्तर सही भी हो, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपरोक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जायेगा।
5. यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं होगा।
6. परीक्षा प्रारम्भ होने पर प्रश्न–पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पांच मिनट आपकी प्रश्न–पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जांच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न–पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी सील निकालें। खुली हुई प्रश्न पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दोबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपसे प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न–पुस्तिका का कोड OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न–पुस्तिका पर अंकित कर दें।
7. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है, जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   उदाहरण : (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है।
8. **प्रश्नों के उत्तर केवल उपलब्ध कराये गये OMR पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
10. कच्चा काम (Rough Work) के लिए इस पुस्तिका में स्थान उपलब्ध है।
11. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिन्ह जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
12. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न–पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
13. **केवल नीले/काले बाल प्वाइंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
14. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लॉग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
15. बायें हाथ के अँगूठे का निशान (Left Thumb Impression)– सभी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में अपनी परीक्षा की उत्तर पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर बायें हाथ के अँगूठ के निशान अवश्य अंकित करेंगे।

**निर्देश ( प्र.स. 1 )**–नीचे दिए गए कथन को पढ़िए और इसके आधार पर प्रश्न का उत्तर दीजिए–

पाँच लड़कियां एक मेज पर छायाचित्र खिंचवाने के लिए बैठी है। सीमा, रानी के दांयी ओर तथा बिंदु के बांयी ओर है। मैरी, रानी के बायीं ओर है। रीटा, रानी और मैरी के मध्य में है।

**1.** छायाचित्र में दांयी ओर से दूसरे स्थान पर कौन होगी?
(A) रीटा
(B) मैरी
(C) बिंदु
(D) सीमा

**2.** पांच व्यक्ति A, B, C, D व E आपके सामने मुंह करके एक पंक्ति में इस प्रकार बैठे हैं कि D, C के बांयी ओर है और B, E के दांयी ओर है। A, C के दांयी ओर और B, D के बांयी ओर है। यदि E पंक्ति के छोर पर बैठा है तो पंक्ति के बीच में कौन बैठा है?
(A) A
(B) B
(C) C
(D) D

**3.** यदि – भाग के लिए, + गुना के लिए, ÷ घटाने के लिए और × जोड़ने के लिए, हो तो–
$36 + 6 - 3 \times 5 \div 3 = ?$
(A) 74
(B) 72
(C) 80
(D) 85

**4.** नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिनके बाद दो निष्कर्ष I व II दिए गए हैं तो दोनों कथनों के अनुसार कौन सा निष्कर्ष तर्कसंगत निकला जा सकता है।
(A) यदि केवल निष्कर्ष I सही हो।
(B) यदि केवल निष्कर्ष II सही हो।
(C) यदि दोनों निष्कर्ष सही हैं।
(D) यदि दोनों निष्कर्ष गलत हैं।

**कथन :** कुछ खिलाड़ी गायक हैं।
सभी गायक लम्बे हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ खिलाड़ी लम्बे हैं।
II. सभी खिलाड़ी लम्बे हैं।

**5.** $358.085 + 42.91 + 25.55 = ?$
(A) 425.565
(B) 426.545
(C) 426.555
(D) 425.545

**6.** $(13.96)^2 - (15.03)^2 + (18.09)^2 - 32.65 = ?$
(A) 223
(B) 264
(C) 334
(D) 354

**7.** रमन अपने घर से पास के एक शहर में कार द्वारा 50 किमी/घंटा की गति से गया तथा 45 किमी/घंटा की गति से वापस आया। वापस आने में यदि उसे एक घंटा अधिक लगा हो, तो रमन के घर से उस शहर की दूरी कितनी है?
(A) 450 किमी.
(B) 225 किमी.
(C) 900 किमी.
(D) 500 किमी.

**8.** एक जीप एक कार का पीछा कर रही है जो जीप से 5 किमी आगे है। उनकी चाल क्रमश: 90 किमी/घंटा तथा 75 किमी/घंटा है। जीप, कार को कितने समय के बाद पकड़ लेगी।

(A) 18 मिनट

(B) 20 मिनट

(C) 24 मिनट

(D) 25 मिनट

**9.** X तथा Y को दो समान राशियाँ 7.5% वार्षिक दर से क्रमश: 4 वर्ष तथा 5 वर्ष के लिए उधार दी गई। यदि इनके द्वारा दिए गए ब्याज में ₹ 150 का अंतर हो, तो प्रत्येक दी गई राशि कितनी है?

(A) ₹ 500

(B) ₹ 1000

(C) ₹ 2000

(D) ₹ 3000

**10.** A ने B को ₹ 5000, 2 वर्ष के लिए तथा C को ₹ 3000, 4 वर्ष के लिए साधारण ब्याज की एक ही दर से उधार दिए। उसने उन दोनों से ब्याज के रूप में कुल ₹ 2200 प्राप्त किये। ब्याज की वार्षिक दर कितनी है?

(A) 5%

(B) 7%

(C) 8%

(D) 10%

**दिशा-निर्देश ( प्र.स. 11-12 ) :** नीचे दी गयी जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। A, B, C, D, E, F, G तथा H एक गोल मेज के चारों तरफ केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। H, B के बाएं चौथा है तथा F के दायें दूसरा है। A, C के बाएं तीसरा है जो F का पड़ोसी नहीं है। G, A के बाएं दूसरा है। D, E के दायें दूसरा है।

**11.** F के एकदम दायें कौन बैठा है?

(A) H

(B) A

(C) G

(D) E

**12.** A के बाएं तीसरा कौन बैठा है?

(A) C

(B) F

(C) B

(D) G

**13.** राम अपने घर से निकलकर 12 किमी उत्तर की ओर चलता है। वह दायीं ओर मुड़ता है और 12 किमी चलता है। वह पुन: दायीं ओर मुड़ता है और 12 किमी और चलता है और फिर बायीं ओर मुड़कर 5 किमी चलता है। वह अपने घर से कितनी दूरी पर है और किस दिशा में है?

(A) 10 किमी पूरब

(B) 15 किमी पूरब

(C) 17 किमी पूरब

(D) 21 किमी पूरब

**14.** एक बच्चा अपने पिता को ढूंढ रहा है। वह दायें मुड़ने से पूर्व 90 मी पूर्व की ओर चलता है। वह दोबारा अपने दायें मुड़ने से पूर्व 20 मी चलता है ताकि वह अपने अंकल के घर जा सके जो कि इस बिंदु से 30 मी दूर है। उसके पिता वहां नहीं है। यहाँ से वह गली में अपने पिता से मिलने से पूर्व उत्तर की ओर 100 मी चलता है। लड़का अपने पिता से आरंभिक बिंदु से कितनी दूरी पर मिलता है?


(A) 80 मीटर

(B) 100 मीटर

(C) 140 मीटर

(D) 260 मीटर

**निर्देश ( प्र.स. 15-16 )**– निम्नलिखित चित्र में त्रिभुज बच्चों को दर्शाता है, वृत्त ग्रामीण जनसंख्या को, आयत स्कूल जाने वाली जनसंख्या तथा वर्ग लड़कों को दर्शाता है?





**15.** स्कूल नहीं जाने वाले ग्रामीण लड़कों को किस संख्या द्वारा निरुपित किया गया है?

(A) 1
(B) 2
(C) 1, 2
(D) 2, 8

**16.** संख्या 4 क्या सूचित करता है?

(A) स्कूल जाने वाले लड़के
(B) बच्चे, जो लड़के है
(C) बच्चे जो कि ग्रामीण नहीं है
(D) स्कूल जाने वाले लड़के जो कि ग्रामीण नहीं है।

**17.** कौन सी संख्याएँ केवल एक ज्यामिति आकृति में दिखाई देती है?




(A) 4, 6, 7
(B) 1, 2, 9
(C) 3, 7, 9
(D) 2, 3, 8

**निर्देश ( प्र.स. 18 )**– दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए।

A, B, C, D तथा E नाम के पांच व्यक्ति हैं। उनमें से एक प्रोफेसर है, एक मैनेजर तथा अन्य एक अधिवक्ता है। C तथा E अविवाहित महिलाएं है, जो काम नहीं करती है। महिलाओं में से कोई भी मैनेजर या प्रोफेसर नहीं है। एक विवाहित जोड़ी है जिसमें D पति है। B न तो मैनेजर है न ही अधिवक्ता पर वह A का एक पुरुष साथी है।

**18.** प्रोफेसर कौन है–

(A) A
(B) D
(C) B
(D) C

**19.** A किसी कार्य को 10 दिन में समाप्त कर सकता है जबकि B इसे 15 दिन में समाप्त कर सकता है। दोनों मिलकर इस कार्य को कितने दिन में समाप्त कर सकेंगे?

(A) 5 दिन
(B) 6 दिन
(C) 8 दिन
(D) 10 दिन

**20.** A, B तथा C एक कार्य को क्रमशः 6 घंटे, 4 घंटे तथा 12 घंटे में समाप्त करते हैं। तीनों मिलकर इस कार्य को कितने घंटे में समाप्त कर सकेंगे।

(A) 2 घंटे
(B) 5 घंटे
(C) 6 घंटे
(D) 8 घंटे

**21.** इंटिग्रेटिड सर्किट वाले कम्प्यूटर किस पीढ़ी के हैं।
(A) पहली
(B) दूसरी
(C) तीसरी
(D) चौथी

**22.** माइक्रो प्रोसेसर–
(A) एक ही चिप पर हजारों आई.सी. का एक समूह है
(B) एक ही चिप पर सैकड़ों आई.सी. का एक समूह है
(C) एक ही चिप पर लाखों आई.सी. का एक समूह है
(D) एक ही चिप पर करोड़ों आई.सी. का एक समूह है

**23.** डिजिटल कम्प्यूटर के वर्गों के क्या नाम है।
(A) माइक्रो कम्प्यूटर, मिनी कम्प्यूटर, मेनफ्रेम कम्प्यूटर और सुपर कम्प्यूटर
(B) माइक्रो कम्प्यूटर, बिग कम्प्यूटर, मेनफ्रेम कम्प्यूटर और सुपर कम्प्यूटर
(C) डिजिटल कम्प्यूटर, मिनी कम्प्यूटर, मेनफ्रेम कम्प्यूटर और माइक्रो कम्प्यूटर
(D) मिनी कम्प्यूटर, डिजिटल कम्प्यूटर, अपर कम्प्यूटर और सुपर कम्प्यूटर

**24.** माइक्रो कम्प्यूटर की इंटरनल मेमोरी कितनी होती है।
(A) 256 KB
(B) 250 KB
(C) 252 KB
(D) 260 KB

**25.** कम्प्यूटर में सिग्नल का क्या अर्थ होता है।
(A) विद्युत स्पंदन
(B) ध्वनि
(C) चित्र
(D) प्रयोग

**26.** चिप क्या है?
(A) एक घटक जिस पर बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक्स परिपथ बने होते हैं।
(B) एक पत्रिका
(C) आलू के वैफर
(D) इनमें से कोई नहीं

**27.** आधुनिक डिजिटल कम्प्यूटर में डाटा को किस गणितीय पद्धति के अंतर्गत दर्शाया जाता है।
(A) दाशमिक प्रणाली
(B) बाइनरी
(C) तृतीयक
(D) इनमें से कोई नहीं

**28.** आजकल के ज्यादातर कम्प्यूटरों की डिजाइन ''वान न्यूमैन आर्किटेक्चर'' पर आधारित होती है। वॉन न्यूमैन की प्रस्तावना थी कि आंकड़ों पर गणितीय और प्रक्रिया के लिए एक यूनिट होनी चाहिए। इस यूनिट को क्या नाम दिया गया।
(A) वीडियो डिस्प्ले यूनिट
(B) साउंड यूनिट
(C) अरिथमेटिक लाजिक (ALU)
(D) यूनिट कंस्ट्रक्शन यूनिट

**29.** आमतौर पर हम लोग 8 बिट, 16 बिट, 32 बिट या 64 बिट कम्प्यूटर जैसे शब्द सुनते हैं। ये क्या बताते हैं।
(A) कम्प्यूटर की वर्ड साइज
(B) कम्प्यूटर की साइज
(C) कम्प्यूटर का नंबर
(D) कम्प्यूटर का वर्जन

**30.** कम्प्यूटर की शब्दावली में प्रत्येक निर्देश एक कोड होता है। इस कोड को एक निश्चित कंट्रोल सिग्नल में बदलने वाली इकाई को क्या कहते हैं?
(A) कंट्रोल यूनिट
(B) लॉजिक यूनिट
(C) प्रोग्राम यूनिट
(D) आपरेशन यूनिट

**31.** MIPS किसका संक्षिप्त रूप है।
(A) मिलियन इमेजेज पर सेकेंड
(B) मिलियन इंस्ट्रक्शंस पर सेकेंड
(C) मोर इंस्ट्रक्शंस पर सेकेंड
(D) इनमें से कोई नहीं

**32.** ऑप्टिकल डिस्क भी एक प्रकार का स्टोरेज डिवाइस है। यह डिजिटल डाटा रिकॉर्ड करने के लिये किसका प्रयोग करता है।
(A) उच्च शक्ति लेजर किरण
(B) न्यून शक्ति लेजर किरण
(C) एक्स-रे
(D) कॉस्मिक किरण

**33.** रिलेशनल डाटाबेसेज मैनेजमेंट सिस्टम के बाजार में कौन अग्रणी है।
(A) ओरेकल
(B) पास्कल
(C) डी बेस
(D) कोबोल

**34.** भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी विभाग के कम्प्यूटर डेस्क का प्रथम प्रभारी किसे बनाया गया था।
(A) कर्नल ए. बाल सुब्रहमण्यम
(B) सैम पित्रोदा
(C) एन. विट्ठल
(D) रूसी करंजिया

**35.** C-DAC स्थापना कब हुई थी।
(A) 1958 ई.
(B) 1968 ई.
(C) 1978 ई.
(D) 1988 ई.

**36.** +, –, =, #, @ आदि किस की प्रकार की ''की (key)'' कहलाती है।
(A) लॉजिकल की (key)
(B) स्पेशल की (key)
(C) अर्थमेटिक की (key)
(D) न्यूमेरिक की (key)

**37.** मॉनिटर पर एक इंच में जितने डॉट मिलकर एक अक्षर का निर्माण करते हैं वह डॉट इसका क्या कहलाता है?
(A) पिक्सेल
(B) इंटेन्सिटी
(C) रिजोल्यूशन
(D) यूटिलिटी

**38.** दो कम्प्यूटर जिस रफ्तार पर डाटा की अदला बदली करते हैं या संप्रेषित करते हैं उसे क्या कहते हैं?
(A) कम्यूनिकेशन स्पीड या रेट
(B) एक्सचेंज रेट
(C) कम्प्यूटर स्पीड
(D) कम्प्यूटर रेट

**39.** http का पूर्ण रूप क्या है?

(A) हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल

(B) हाइपर टैक्स्ट ट्रेनिंग पोल

(C) हेवी टेली टेक्स्ट प्रोग्राम

(D) हाइपर टेलीटेक्स्ट प्रोमो

**40.** सिलेक्टेड लाइन को डबल अंडरलाइन करने की शॉर्टकट कुंजी है।

(A) Ctrl + Shift + U

(B) Ctrl + D

(C) Ctrl + Shift + D

(D) Ctrl + U

**41.** भारत का पहला मुक्त विश्वविद्यालय कौन सा है?

(A) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

(B) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, हैदराबाद

(C) नालन्दा मुक्त विश्वविद्यालय, पटना

(D) वर्धमान महावीर मुक्त विश्वविद्यालय, कोटा

**42.** के. के. हांडीक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय किस प्रांत में स्थित है?

(A) असम

(B) गुजरात

(C) केरल

(D) राजस्थान

**43.** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना कौन से वर्ष में हुई थी?

(A) 2000

(B) 2005

(C) 2012

(D) 2009

**44.** निम्नलिखित में से कौन सी मुक्त शिक्षा प्रणाली की विशेषता नहीं है?

(A) पढ़ने की कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है

(B) क्रेडिट इकट्ठे किये जा सकते हैं

(C) लचीली परीक्षा प्रणाली

(D) पारंपरिक शिक्षा पद्धति की पाठ्य पुस्तकें

**45.** दूरस्थ शिक्षा के संदर्भ में निमनलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(A) सभी दूरस्थ शिक्षा संस्थान केवल मुक्त शिक्षा प्रणाली से अध्ययन करा सकते हैं।

(B) सभी दूरस्थ शिक्षा संस्थानों में किसी भी प्रकार का व्यक्तिगत आमने-सामने का कार्यक्रम नहीं होता है।

(C) सभी दूरस्थ शिक्षा संस्थाएं अपने कार्यक्रम मल्टीमीडिया के सहयोग से संचालित करते हैं।

(D) सभी दूरस्थ शिक्षा संस्थान अपने कार्यक्रम केवल ऑनलाइन मोड में प्रदान करते है।

**46.** भारत सरकार द्वारा MOOC चलाने का वेब आधारित प्लेटफॉर्म निम्न में से कौन सा है?

(A) स्वयं

(B) एडुसैट

(C) स्वयं प्रभा

(D) ज्ञान दर्शन

**47.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन दूरस्थ शिक्षार्थियों के लिए सबसे उपयुक्त है?

(A) सभी दूरस्थ शिक्षार्थी ग्रामीण क्षेत्र से होते हैं।

(B) सभी दूरस्थ शिक्षार्थी ऑन लाइन प्रोग्राम से पढ़ते हैं।

(C) सभी दूरस्थ शिक्षार्थी 20 साल से ऊपर होते हैं।

(D) सभी दूरस्थ शिक्षार्थियों को स्व अध्ययन की क्षमता बनानी पड़ती है।

**48.** निम्न में से कौन सी दूरस्थ शिक्षा प्रणाली की विशेषता नहीं है?

(A) स्वंज्ञान अर्जित सामग्री से अध्ययन

(B) अनिवार्य प्रतिदिन कक्षाओं से अध्ययन

(C) असाइमेन्ट के सहयोग से अध्ययन

(D) मल्टी-मीडिया के सहयोग से अध्ययन

**49.** निम्न में से किस संस्थान में दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (डी.ई.बी.) स्थित है?

(A) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

(B) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

(C) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद

(D) क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया

**50.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मुक्त और दूरस्थ माध्यमों से शिक्षा प्राप्त विनियम 2017 के अनुसार वो उच्च शिक्षा संस्थान जो दूरस्थ शिक्षा देने वाली है, उसको निम्न में से कौन सा केन्द्र स्थापित करना पड़ता है?

(A) लैंगिक समानता केन्द्र

(B) ऑनलाइन प्रोग्राम केन्द्र

(C) पर्यावरण शिक्षा केन्द्र

(D) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केन्द्र

**51.** निम्न में से कौन सा कार्य (पूर्व स्थापित) दूरस्थ शिक्षा परिषद का नही है?

(A) मुक्त और दूरस्थ शिक्षा में गुणवत्ता संबंधी मापदंडों को स्थापित करना

(B) मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को आयोजित करना

(C) मुक्त और दूरस्थ शिक्षा में शोध को बढ़ावा देना

(D) दूरस्थ शिक्षा संस्थाओं को अनुदान देना

**52.** भारत में मुक्त विश्वविद्यालय की आय का मुख्य स्रोत क्या है?

(A) भारत सरकार से अनुदान

(B) राज्य सरकार से अनुदान

(C) शिक्षार्थियों से पठन-पाठन शुल्क

(D) औद्योगिक क्षेत्र से अनुदान

**53.** उच्च शिक्षा संस्थाओं में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कार्यक्रम को मान्यता देने वाली संस्था है?

(A) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(B) विश्वविद्यालय का संवैधानिक निकाय

(C) दूरस्थ शिक्षा परिषद्

(D) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

**54.** निम्नलिखित में से कौन दूरस्थ शिक्षा संस्थान के अध्ययन केन्द्र का कार्य नहीं है?

(A) शैक्षणिक परामर्श

(B) डिग्री पुरस्कृत करना

(C) छात्र पंजीकरण

(D) असाइनमेंट का मूल्यांकन करना

**55.** दूरस्थ शिक्षा निदेशालय निम्नलिखित में से किस संस्था में स्थापित होता है?

(A) मुक्त विश्वविद्यालय

(B) तकनीकी संस्थान

(C) महाविद्यालय

(D) परम्परागत विश्वविद्यालय

**56.** मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संस्थानों के लिए गुणवत्ता आश्वासन के मापदंड किस संस्था द्वारा तैयार किये जाते हैं?

(A) दूरस्थ शिक्षा परिषद

(B) राज्य शिक्षा विभाग

(C) राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

(D) क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया

**57.** भारतीय दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के जनक हैं।

(A) प्रोफेसर यशपाल

(B) प्रोफेसर जी. रामारेड्डी

(C) प्रोफेसर राम जी. तकवाले

(D) प्रोफेसर पारशार्थी

**58.** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति कौन थे?

(A) प्रो. विनय पाठक

(B) प्रो. सुभाष धूलिया

(C) प्रो. एस. एस. हसन

(D) प्रो. नागेश्वर राव

**59.** दूरस्थ शिक्षा परिषद् (DEC) का सम्बन्ध था–

(A) IGNOU से

(B) UGC से

(C) NAAC से

(D) AICTE से

**60.** MOOC संक्षिप्त नाम है–

(A) Mass Open Online Company

(B) Massive Open and Online Courses

(C) Mass Online and Open Company

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**61.** निम्न में से 'रवि का समानार्थी शब्द है-
(A) दिनेश
(B) गणेश
(C) सुरेश
(D) उमेश

**62.** निम्नांकित शब्दों में से 'सरस्वती' का पर्याय है-
(A) पद्‌मा
(B) गिरा
(C) शैलजा
(D) अकर्जा

**63.** निम्नांकित में 'अभिज्ञ' का विलोम है-
(A) अल्पज्ञ
(B) सर्वज्ञ
(C) अनभिज्ञ
(D) विज्ञ

**64.** 'कृतज्ञ' किसका संक्षिप्तकरण है?
(A) उपकार करने वाला
(B) किए हुए उपकार को मानने वाला
(C) किए हुए उपकार को न मानने वाला
(D) उपरोक्त में कोई नहीं

**65.** 'धूतों अर्थात जीवों द्वारा होने वाला (दु:ख)' वाक्य के लिए एक शब्द है-
(A) आधिदैविक
(B) आधिभौतिक
(C) आधिदैहिक
(D) आत्मघाती

**66.** जो वाणी द्वारा व्यक्त न किया जा सके-
(A) आत्मसाक्षात्कार
(B) स्वानुभूति
(C) अनिर्वचनीय
(D) रहस्य

**67.** पुष्प कौन-सा शब्द है?
(A) तत्सम
(B) तद्‌भव
(C) देशज
(D) विदेशज

**68.** उ, ऊ के उच्चारण स्थान है-
(A) दन्त
(B) कण्ठ
(C) ओष्ठ
(D) होठों

69. हिन्दी में व्यंजनवर्णों की संख्या कितनी है?

(A) 22

(B) 10

(C) 33

(D) 30

70. 'महोर्मि' का संधि-विच्छेद है-

(A) महत् + उर्मि

(B) महा + उर्मि

(C) महा + ऊर्मि

(D) महत् + मर्मि

71. An assembly of listeners is :

(A) Atheist

(B) Crowd

(C) Audience

(D) Public

72. Antonyms of Epicurean is :

(A) providential

(B) ascetic

(C) slovenly

(D) imprecision

73. Synonyms of Edict is :

(A) vacate

(B) correction

(C) satisfy

(D) decree

In this section there are five short passages. Read each passage and answer the questions that follow :

"Sit down" the principal said, but Mr. Tagde continued to stand, gaining courage from his own straight – backed stance, because he was beginning to feel a little afraid now. The principal looked unhappy. He disliked being forced to perform this sort of an unpleasant task.

"I wish you consider withdrawing this report", he said.

"I am sorry, sir, I cannot do that" Mr. Tadge said. He was pleased with his unwavering voice and uncompromising word.

"It will be a very damaging report if put on record."

"It is a factual report on very damaging conduct."

"You are asking for the boys' expulsion from school. Don't you think the punishment is too harsh for a few boyish pranks"?

74. Mr. Tadge did not sit down because :

(A) he was angry with the principal

(B) he was in a defiant mood

(C) he did not like the student

(D) he was in a Hurry

**75.** He would not withdraw the report because :

(A) He was arrogant and bitter

(B) it was an accurate report

(C) he wanted to create problem for the principal

(D) he wanted to show his authority

**Directions (Q. 76):** In this question, a sentence has been given in Active/Passive Voice. Out of the four suggested alternatives, select the one which best expresses the same sentence Passive/Active Voice

**76.** They will demolish the entire block.

(A) The entire block is being demolished.

(B) The block may be demolished entirely.

(C) The entire block will have to be demolished by them

(D) The entire block will be demolished

**77.** When the Principal entered the class, a student ........ on the blackboard.

(A) wrote

(B) was writing

(C) writes

(D) is writing

**78.** In the following question, find the correctly spelt word.

1. Reannaisance

2. Renaissance

3. Rennaissance

4. Renaisance

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

**Directions (Q. 79-80):** Select the proper prefix.

**79.** Editor

(A) bye

(B) sub

(C) joint

(D) be

**80.** Post :

(A) be

(B) out

(C) age

(D) on

**81.** उत्तराखंड में स्थित कोटेश्वर बांध की विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी है?
(A) 8000 मेगावाट
(B) 1000 मेगावाट
(C) 400 मेगावाट
(D) 600 मेगावाट

**82.** निम्नलिखित में से कौन-सा दर्रा उत्तराखंड में स्थित पिथौरागढ़ को तिब्बत से जोड़ता है?
(A) थागला
(B) लिपुलेख
(C) बाराहोती
(D) किंगरी-बिंगरी

**83.** उत्तराखंड की किस महिला को ''बैडमिंटन क्वीन'' के नाम से जाना जाता है?
(A) कुमारी हंसा मनराल
(B) मंजू बिष्ट
(C) मधुमिता बिष्ट
(D) हरिप्रिया

**84.** उत्तराखंड राज्य के निर्माण के समय केन्द्र में किस राजनीतिक दल/गठबंधन की सरकार थी?
(A) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन
(B) जनता दल
(C) संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन
(D) भारतीय साम्यवादी दल

**85.** उत्तराखंड का सर्वाधिक जनसंख्या वाला नगर है?
(A) हलद्वानी-काठगोदाम
(B) हरिद्वार
(C) रुड़की
(D) देहरादून

**86.** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के प्रथम चेयरमैन रहे हैं?
(A) के. आर्या अजय
(B) एन. पी. नवानी
(C) राकेश सिन्हा
(D) अशोक शरण

**87.** उत्तराखण्ड राज्य का राजकीय वृक्ष कौन-सा है?
(A) शीशम
(B) बरगद
(C) बुरांश
(D) साल

**88.** उत्तराखंड में पंचायत राज प्रणाली के किस ढाँचे को अपनाया गया है?
(A) एक-स्तरीय
(B) द्वि-स्तरीय
(C) त्रि-स्तरीय
(D) चतुर्थ-स्तरीय

**89.** उत्तराखंड के किस राष्ट्रीय उद्यान को ''विश्व विरासत का दर्जा'' दिया गया है?
(A) कार्बेट नेशनल पार्क
(B) गोविन्द नेशनल पार्क
(C) राजाजी नेशनल पार्क
(D) फूलों की घाटी

**90.** गढ़वाल पेंटिंग्स पुस्तक के लेखक कौन है?
(A) घनश्याम सिंह गुप्त
(B) एचवाल्टन जी
(C) मोलाराम
(D) मुकुन्दी लाल

**91.** उत्तराखंड में ''हेमकुंड झील'' कितने शिखरों से घिरी हुई है?

(A) सात हिमाच्छादित शिखरों से

(B) नौ हिमाच्छादित शिखरों से

(C) आठ हिमाच्छादित शिखरों से

(D) तीन हिमाच्छादित शिखरों से

**92.** उत्तराखंड में चिपको आन्दोलन की पहली सूत्रधार महिला कौन थी?

(A) राधा देवी

(B) सरला देवी

(C) जनकी देवी

(D) गौरा देवी

**93.** उत्तराखंड राज्य में ''भकार'' का उपयोग होता है।

(A) दुग्ध संग्रह के लिए

(B) फलों के संग्रह के लिए

(C) खाद्यान्न संग्रह के लिए

(D) जल संग्रह के लिए

**94.** उत्तराखंड में 2011 की जनगणना अनुसार विकास खंड हैं?

(A) 95

(B) 121

(C) 112

(D) 87

**95.** उत्तराखंड राज्य की पूर्व से पश्चिम तक लम्बाई कितनी है?

(A) 358 किमी.

(B) 412 किमी.

(C) 387 किमी.

(D) 233 किमी.

**96.** निम्नलिखित में से किसने सबसे पहले यूरोप को भारत से अवगत कराया था?

(A) सिकंदर (अलेक्जेंडर)

(B) अरब

(C) ग्रीक

(D) ईरानी

**97.** विक्रम संवत की शुरूआत कब हुई थी?

(A) 47 ईसा पूर्व

(B) 50 ईसा पूर्व

(C) 55 ईसा पूर्व

(D) 57 ईसा पूर्व

**98.** स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान रविन्द्रनाथ टैगोर ने नाइटहुड की उपाधि किस घटना के विरोध में वापस कर दी थी?

(A) बंगाल विभाजन

(B) जलियांवाला बाग हत्याकांड

(C) भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव को मृत्युदंड

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**99.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक सदिश राशि है?

(A) दाब

(B) ऊर्जा

(C) संवेग

(D) कार्य

**100.** विश्व का प्रथम विश्वविद्यालय कौन सा है?

(A) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

(B) इलाहाबाद विश्वविद्यालय

(C) तक्षशिला विश्वविद्यालय

(D) कुमायूँ विश्वविद्यालय

[SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिए पत्रक]

[SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिए पत्रक]